## पांच साल से फरार चल रहे दो इनामी अपराधी गिरफ्तार

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पांच साल से फरार चल रहे आठ-आठ हजार रुपये के दो इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कोतवाली और आदर्श नगर थानों में दर्ज मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी प्लाटों के डबल पट्टे बना कर एयू फाइनेंस बैंक और हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड से करोड़ों रुपयों का लोन और प्लाटों का कई जगह बेचान कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस और दक्षिण (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लाटों के डबल पट्टे बना कर एयू फाइनेंस बैंक और हिंदुजा लीलैंड फाइनेंस लिमिटेड से करोड़ों रुपयों का लोन और प्लाटों का कई जगह बेचान कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित सुरेश गुप्ता और रामकिशोर खंडेलवाल को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित चांदपोल बाजार जयपुर के रहने वाले है। दोनों ही आरोपित पिछले पांच साल से फरार चल रहे थे और उनकी गिरफ्तारी पर पुलिस की ओर से आठ-आठ हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

# ऑनलाइन किंग के नाम ठगी करने वाली गैंग गिरफ्तार

### प्रोफाइल बनाकर लोगों को मैसेज कर वसूल चुके थे लाखों रुपए

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन हैकिंग करने और सोशल मीडिया अकाउंट के पासवर्ड क्रैक करने वाली गैंग के ठगों को गिरफ्तार किया है। यह ठग लोगों को वॉट्सएप मैसेज भेज 2-2 हजार रुपए वसूलते थे। आरोपियों के पास से 3 लैपटॉप, 1 टैबलेट, 6 मोबाइल फोन बरामद किए है। सामने आया कि आरोपी लोगों की फर्जी हैकर की आईडी बनाकर उनसे रुपए वसूला करते थे। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त क्राइम कुन्दन कंवरिया ने बताया कि साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन हैकिंग करने और सोशल मीडिया अकाउंट के पासवर्ड क्रेक करने वाली गैंग के लम गौरी (26) पुत्र सलीम खान निवासी वार्ड नंबर 28, नायकों का मौहल्ला, दांता,सीकर, हाल निवासी कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, किशोरी लाल उर्फ वीरू (28) पुत्र बेलीराम निवासी गांव नंगलाई, पुलिस थाना जंजैहली हिमाचल प्रदेश, हाल निवास लिंक रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर और सोनू रावतानी (24) पुत्र रमेश कुमार रावतानी निवासी बालाजी विहार 28, निवारू रोड झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आलम गौरी जस्ट डायल पर प्रोफाइल बनाकर वॉट्सऐप नंबर का क्यूआर कोड एड करता है। इसके बाद सोनू रायतानी व किशोरी लाल उर्फ वीरू दोनों इस वॉट्सऐप अकाउंट को लॉग इन करते है। एथिकल हैकर के नाम से ही मैसेज करते और रुपए लेकर ठगी करते।

पुलिस कमिश्नरेट की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन हैकिंग करने वाली गैंग के ठगों को गिरफ्तार किया है।

आरपीएस सोनचंद (साइबर थानाधिकारी ) ने बताया कि 11 मार्च को जोशी मार्ग कालवाड़ रोड़ जयपुर पर एक कॉल सेंटर से तीन युवकों को डिटेन किया गया। ये लोग जस्ट डायल पर प्रोफाइल बना कर वॉट्सऐप नंबर लेकर एथिकल हैकर के नाम से मैसेज भेजकर फुल फोन एक्सेस, विबेस सॉल्यूशन, इंस्टग्राम हैक, कॉल डिटेल्स, यूएसडीटी, डोमेन, डाटा व अन्य के नाम से लोगों को झांसे में लेते थे। ये लोग कन्फर्मेशन और अन्य चार्ज का हवाला देकर 2 हजार रुपए लेकर लाखों रुपए फर्जी बैंक अकाउंट्स में क्यू आर कोड के माध्यम से भेज देते थे।

## धुलण्डी के दिन मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएं आंशिक बन्द रहेगी

**जयपुर।** जयपुर मेट्रो राष्ट्रीय पर्वों, त्यौहारों एवं उत्सवों के दिनो में भी जनता के प्रति अपना सामाजिक सरोकार पूरी तरह निभाता रहा है। इसी कड़ी में 14 मार्च धुलण्डी के दिन निर्धारित टाईम टेबल सुबह 5:20 बजे से 2 बजे तक मेट्रो ट्रेन की यात्री सेवाएं बन्द रहेंगी। इसके पश्चात दोपहर 2:10 से रात्रि 10:21 तक अनवरत मेट्रो सेवाएं संचालित की जायेगी।

जयपुर के नागरिकों से अपील की जाती है कि धुलण्डी के दिन वे अपने मित्रों एवं रिश्तेदारों के संग मेट्रो में यात्रा का आनन्द लें, लेकिन मेट्रो परिसर, प्लेटफार्मों एवं मेट्रो ट्रेनों में रंग डालने, रंग खेलने एवं हुडदंग करने की पूरी तरह मनाही है। मेट्रो यात्रियों के लिए गुलाल, रंग एवं पानी से भरी पिचकारियां गुब्बारे एवं बोतलें ले जाने पर रोक रहेगी। इसके अलावा रंग से सने कपड़ों से मेट्रो परिसर एवं ट्रेनों को गंदा करने की भी मनाही है। नशाधीन स्थिति में मेट्रो परिसर में प्रवेश वर्जित है। मेट्रो रेलवे (ऑपरेशन एवं मेन्टीनेन्स) एक्ट, 2002 के तहत जहां मेट्रो ट्रेनों एवं इसके परिसरों को गंदा करने पर न्यूनतम 200 रूपये का जुर्माना निहित है।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक वैभव गालरिया ने मेट्रो प्रशासन की और से जयपुर वासियों तथा मेट्रो यात्रियों को होली की शुभकामनाएं दी।

# बातों में उलझाकर जेबतराशी करने दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

### वारदात में शामिल चोरी की बाइक बरामद

**जयपुर।** सुभाष चौक थाना पुलिस ने बातों में उलझाकर जेबतराशी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में शामिल चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त राशि डोगरा डुडी (उत्तर ) ने बताया कि सुभाष चौक थाना पुलिस ने बातों में उलझाकर जेब तराशी करने वाले आरोपी इरफान उर्फ बाबू (22) पुत्र मोहम्मद अच्छे खान और सलीम (22) पुत्र मोहम्मद अंसार वन विहार कच्ची बस्ती मदीना मस्जिद के पास ईदगाह थाना गलता गेट को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सुभाष चंद ने बताया कि मूलत: थानागाजी अलवर हाल स्टाफ नर्स संविदा एनआईए जोरावर सिंह गेट सुभाष चौक निवासी सुशील कुमार टांक ने गत 11 मार्च को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह 10 मार्च दोपहर साढ़े तीन बजे सिवाड एरिया भारत पेट्रोल पंप के सामने मेन रोड से पैदल पैदल सुभाष चौक की तरफ आ रहा था उसी समय एक लडका मोबाईल पर बात करता हुआ मेरे से टच हो गया। इस बात पर उसने मेरे से कहासुनी की तथा बातों में उलझाकर मेरी पेंट की पीछे की जेब में से 22 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात के दौरान काम में ली गई चोरी की एक बाइक भी बरामद की है।

सुभाष चौक थाना पुलिस ने जेबतराशी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

# कैफे की आड़ में चल रहे थे तीन हुक्का बार में पुलिस ने मारा छापा

**जयपुर।** श्याम नगर ,अशोक नगर और जिला स्पेशल टीम जयपुर दक्षिण (डीएसटी) ने तीन हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है और साथ ही पुलिस ने मौके से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर जब्त किया है। इसके अलावा तीस व्यक्तियों का कोटपा एक्ट में चालान काटा तो 17 व्यक्ति धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया है।

- **तीस व्यक्तियों का कोटपा एक्ट में काटा चालान तो 17 व्यक्ति धारा 170 बीएनएसएस में गिरफतार**
- **साथ ही पुलिस ने मौके से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर जब्त किया है।**

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) ने बताया कि श्याम नगर ,अशोक नगर थाना पुलिस और डीएसट दक्षिण ने इलाके के संचालित हैरान कैफे डिस्क एंड रूपटांप श्याम नगर ,औरा सेन्ट्रल कैफे सहकार मार्ग और जोजो कैफे सहकार में हुक्का बार में की कार्रवाई की गई है जो एक कैफे की आड़ में चल रहा था।

पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर कैफ की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने तीन टीम का गठन किया और जहां तीन पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई।

इसके बाद पुलिसकर्मी के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। पुलिस ने बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे वसीम निवासी सीकर,भंवर सिंह निवासी कोटा और संतोष कुमार निवासी जयपुर को गिरफ्तार किया है। वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर जब्त किया है। इसके अलावा तीस व्यक्तियों का कोटपा एक्ट में चालान काटा तो 17 व्यक्ति धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया है।

## फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** जालूपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया पर नाबालिग पीड़िता की अश्लील फोटो वायरल करने वाले एक आरोपित को पकडा है। जानकारी में सामने आया है कि आरोपित नाबालिग पीड़िता को स्नैपचैट आईडी पर दो माह से फोटो वायरल कर बदनाम कर रहा था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जालूपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ताहीर खान को गिरफ्तार किया गया है।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज का तत्कालीन प्रिंसिपल गिरफ्तार

### कॉलेज की छात्राओं से देहशोषण और अश्लील हरकत करने का आरोप

**जयपुर।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने कॉलेज की छात्राओं से देहशोषण और अश्लील हरकत करने के आरोप में पॉलिटेक्निक महिला कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल सैयद मश्कूर अली को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि प्रतापनगर थाना पुलिस ने कॉलेज की छात्राओं से देहशोषण और अश्लील हरकत करने के आरोप में पॉलिटेक्निक महिला कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल सैयद मश्कूर अली को गिरफ्तार किया है। आरोपित तत्कालीन प्रिंसिपल सैयद मश्कूर अली के खिलाफ छात्राओं ने शिकायत दी थी और इस पर प्रताप नगर थाने की महिला एसआई को जांच की दी गई। जांच में पुष्टि होने पर आरोपी को डिटेन किया गया। इसके बाद बुधवार को छात्राओं के कोर्ट के सामने बयान दिए। 164 के बयान होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करता और उनसे जबरदस्ती बात करने के प्रयास में मैसेज करता रहता था। इसे छात्राएं काफी परेशान थी। जांच में कुछ छात्राओं ने वॉश रूम में कैमरा रख वीडियो बनाने की भी बात बताई है। यदि जांच में इसकी पुष्टि होती है तो आईटी एक्ट में भी धारा जोड़ी जाएगी।

गौरतलब है कि सोमवार को छात्राओं ने देह शोषण करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था कि बड़े लोगों से संपर्क होने का झांसा देकर उनसे मिलवाने के बहाने बिना महिला हॉस्टल वार्डन व बिना पेरेंट्स की परमिशन से अपनी कार में ले जाता और गलत हरकत करता था। कॉलेज बंद होने के बाद भी पार्किंग में छात्राओं से बात करता था। इससे पहले 3 फरवरी को छात्राओं और स्टाफ ने तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव को शिकायत की थी। इसके बाद उसे निलंबित कर दिया था। जांच टीम जब पहुंची तो छात्राओं ने विरोध किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छात्राओं की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। वहीं इस मामले में बुधवार को पीड़ित छात्राओं के कोर्ट में बयान हुए।

# होली पर अपने घर जाने वाले यात्रियों की बस स्टेण्ड और रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**जयपुर।** रोजी-रोटी के लिए अपने घरों से बाहर रहकर काम करने वालों लोगों को होली पर वापस अपने घर लौटने के लिए काफी मशक्त का सामना करना पड़ रहा है। जयपुर से बाहर जाने वाले लोगों की बस स्टेण्ड और रेलवे स्टेशन काफी भीड़ देखने को मिली। होली के दिन पूर्व बुधवार को जयपुर जक्शन से लेकर सिंधी कैम्प बस डिपों पर दिनभर भीड़भाड़ का आलम देखने को मिला। ट्रेनों और बसों में जबदस्त भीड़ के चलते लोगों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ी। होली के अवसर पर यात्रियों भी बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों को राहत देने का प्रयास करते हुए कई ट्रेनों में अतिरिक्त डिब्बे बढ़ाए है। लेकिन इसके बावजूद भी यात्रियों की बढ़ती भीड़ के चलते सामान्य श्रेणी में पैर रखने तक की जगह नहीं है। चाहे वो किसी भी रुट की ट्रेन क्यों न हो।सभी जगहों कि ट्रेनों में भारी संख्या में वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है।स्लीपर क्लास और जनरल डिब्बे यात्रियों से खचाखच भरे पड़े है।

होली के त्यौहार पर बढ़ती भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कुछ रुटों पर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया था। लेकिन होली पर यात्रियों कि भीड़ इस कदर बढ़ी की स्पेशल ट्रेन में सीटों की बुकिंग फुल हो गई और इन ट्रेनों में भी यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं मिली। कुछ यात्रियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के गेट पर सफर करना मुनासिफ समझा। जयपुर जंक्शन,गांधी नगर रेलवे स्टेशन,सिंधी कैम्प बस स्टेण्ड़ पर दिनभर यात्रियों की काफी भीड़ के चलते ऑटो रिक्शा वालों ने भी जमकर चांदी कूटी।

होली के अवसर पर जयपुर के बाहर दूसरे शहरों में रहने वाले लोगों का जाने का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। सिंधी कैम्प बस स्टैण्ड पर बसों से जाने वालों की भारी भीड़ नजर आयी।

बुधवार देर रात से यात्रियों ने अपने घर लौटने के लिए सफर की तैयारी कर ली। कुछ यात्रियों ने एक महिने पहले ही अपने घर लौटने के लिए अपनी-अपनी सीट बुक करवा ली। लेकिन वेटिंग लिस्ट के चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। भीड़ को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जंक्शन और अन्य प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिसकर्मियों को भी स्टेशन परिसर में गश्त के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह, सिंधी कैंप बस स्टैंड पर भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। यात्रियों का कहना है कि हर साल होली पर ट्रेनों और बसों में भीड़ होती है, लेकिन इस बार स्थिति ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गई है। ट्रेनों में जगह न मिलने पर कई लोगों ने बसों का रुख किया, लेकिन वहां भी सीट मिलना मुश्किल हो गया। कुछ यात्री निजी टैक्सी और अन्य साधनों से सफर करने को मजबूर हो रहे हैं। चीफ मैनेजर सिंधी कैंप बस डिपो जयपुर राकेश राय ने बताया कि होली पर अपने घर लौटने वाले यात्रियों कि काफी भीड़ है। इसके चलते राजस्थान रोडवेज डिपो की ओर से अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया है। इसके लिए विद्याधर नगर डिपो, वैशाली नगर डिपो और भी अन्य जगहों से यात्रियों के सुगम सफर के लिए अतिरक्त बसें लगाई गई है। सबसे ज्यादा सीकर, भरतपुर, अलवर के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जा रहा है। जिसके चालक व परिचालक एक ही दिन में दिन तीन-तीन चक्कर लगाकर यात्रियों को अपने स्थानों पर पहुंचा रहें है। राजस्थान रोडवेज डिपो की ओर से त्यौहार पर भीड़ को देखते हुए किसी भी तरह के किराए में कोई बढ़ौती नहीं कि गई है।

## राजस्थान लघु उद्योग निगम ने 498 लाख का लाभ अर्जित किया

**जयपुर।** राजस्थान लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.आरूषी अजेय मलिक की अध्यक्षता में376वीं संचालक मण्डल एवं63वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। डॉ.आरूषी अजेय मलिक ने बताया कि निगम के वित्तीय वर्ष2023-24के लेखे अनुमोदन किये गये। निगम को वित्तीय वर्ष2023-24के दौरान कुल4635.65लाख की प्राप्तियाँ हुईं एवं इस अवधि में498.71लाख का शुद्ध लाभ हुआ। संचालक मण्डल द्वारा राज्य की लघु इकाईयों को प्रोत्साहन देने एवं अनुपयोगी संपत्तियों का उपयोग निगम के लाभार्थ करने के निर्णय लिये गये। इसके साथ ही राज्य के दस्तकारों के लिए नवीन बिक्री केन्द्र प्रारंभ करने एवं हस्तशिल्प दस्तकारों को नवीन योजनाओं से लाभान्वित करने का भी निर्णय लिया गया। सभा में प्रबंध निदेशक रीको शिवांगी स्वर्णकार,अतिरिक्त आयुक्त ब्यूरो ऑफ इनवेस्टमेंट एवं प्रमोशन सौरभ स्वामी,वरिष्ठ सहायक निदेशक,विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय रजत वर्मा,महाप्रबंधक,राजस्थान अनु जाति/जनजाति वित्त एवं विकास निगम एस. आर. चावला,संयुक्त शासन सचिव वित्त देवेन्द्र अरोड़ा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### देसी कट्टा सहित एक बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की ओर से शुरू हुए ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) तहत हरमाड़ा थाना पुलिस और सीएसटी ने कार्रवाई कर एक बदमाश को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से अवैध हथियार देसी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को खंगालने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस और सीएसटी ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) तहत कार्रवाई करते हुए राहुल परसोया निवासी हरमाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार के बारे में पूछताछ कर रही है।

### डीजीपी उत्कल रंजन साहू ने रंग पर्व पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने रंगों के पर्व होली और धुलंडी पर पुलिस के जवानों, समस्त अधिकारियों व सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। साहू ने अपने संदेश में कहा कि होली का यह त्योहार हम सभी को सद्भावना, सौहार्द, आपसी प्रेम, और भाईचारे का संदेश देता है। आप और हम सभी मिलकर परम्परागत उल्लास के साथ इस त्योहार को मना सके इसके लिए प्रदेश के पुलिसकर्मी सदैव अपना फर्ज कटिबद्धता से निभाते हैं। पूरे राजस्थान में होली के अवसर पर सभी जिलों और थानों में पुलिस अधिकारी और पुलिस जवान अपनी ड्यूटी के प्रति जागरूक व सतर्क रहते हुए नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सजगता बरतते हैं। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर पूरे प्रदेश में सामुदायिक सद्भाव, शांति, आपसी प्रेम और मेल-जोल की परम्परा और सुदृढ़ बनी रहे इसके लिए हम सभी मिलकर होली और धुलंडी के पर्व की खुशियों को आनंद, हर्ष और उल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को होली और धुलंडी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### पांच दिवसीय ध्रुवपद यात्रा फेस्टिवल 17 से

**जयपुर।** उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर इंडियन म्यूजिक आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी एवं कला साहित्य एवं संस्कृति विभाग व वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय ध्रुवपद यात्रा फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। पांच दिवसीय फेस्टिवल की शुरुआत सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आरआईसी में शाम 6:30 से होगी। फेस्टिवल में पांच दिन तक लगातार देश विदेश के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उस्ताद इमामुद्दीन खान डागर इंडियन म्यूजिक आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी की प्रमुख शबाना डागर ने बताया कि फेस्टिवल में पहले दिन डॉ.गायत्री शर्मा, रूबी मुखर्जी और डागर बंधुओं का ध्रुवपद गायन होगा। दूसरे दिन सिमोन अफ्सरा का गायन, मुरली मोहना गोंडा का रुद्रवीणा वादन और पद्मश्री ऋत्विक सान्याल का ध्रुवपद गायन होगा। तीसरे दिन विदेशी कलाकार मैरी लाइन का वायलिन वादन और दानी गुंदेचा का ध्रुवपद गायन व पं.पुष्पराज कोष्टी का सुरबहार वादन होगा। चौथे दिन अकीको नेजो का गायन, डॉ.रिंकू लांबा का ध्रुवपद गायन और प्रशांत-निशांत का ध्रुवपद गायन होगा। फेस्टिवल के समापन दिल्ली के ध्रुवपद गायक पद्मश्री उस्ताद वासिफउद्दीन खां डागर का ध्रुवपद गायन होगा। इससे पहले सुनीता अमीन और निलॉय का ध्रुवपद गायन होगा।

### आपसी सहमति से हल करें निलंबन का मुद्दा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने दी बार एसोसिएशन के सांस्कृतिक सचिव पद से निलंबन के मामले में कहा है कि इस मुद्दे को आपसी सहमति से हल किया जा सकता है। याचिकाकर्ता भी इसे लेकर कार्यकारिणी के समक्ष उपस्थित होने के लिए सहमत है। ऐसे में विवाद का निपटारा आपसी सहमति से किया जाए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश अंकित कपूर की याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि गत गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए बार एसोसिएशन ने उसे 27 जनवरी को सांस्कृतिक सचिव के पद से निलंबित कर दिया था। जबकि गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में उसने सिर्फ मंच संचालन की मांग की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने गत 13 फरवरी को निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगाई थी।

### तीन ओर चोरी के वाहन जब्त

**जयपुर।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक गिरोह के मुख्य सरगना एक बाल अपचारी सहित आरोपी चेतन सैनी उर्फ चिनू (19) श्रीरामनगर अजमेरी गेट फुलेरा, गगन कुमावत उर्फ गोनू (19) श्रीरामनगर अजमेरी गेट ढाणी कारीगरान फुलेरा से तीन चोरी के वाहन और जब्त किए जा चुके है। अब तक दस चोरी के दुपहिया वाहनों को बरामद किया है। यह गिरोह जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण एवं अजमेर में 50 से अधिक बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका था। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की संभावना जताई जा रही है।

### सड़क विकास प्राधिकरण बनाने की मांग

**जयपुर।** जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने सड़कों की क्षितग्रस्त हालात पर चिंता जताते हुए लोकसभा में कहा कि इससे नए केवल आर्थिक हानि होती है बल्कि लोगों की जान भी चली जाती है । इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से सड़क बोर्ड बनाने की मांग की है। सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकारके स्तर पर जिस तरह से बिजली और जल बोर्ड का गठन किया गया है उसी तरीके से सड़क विकास बोर्ड का गठन किया जाए। संसद के यह मामला उठाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि इन सभी एजेंसियों के अधिकारियों को दिशा की मीटिंग में आवश्यक रूप से बुलाया जाए और उन्हें निर्देशित किया जाए। मंजू शर्मा ने कहा कि शहर में जयपुर ही नहीं बल्कि देश के सभी शहरों में सड़कों के विकास के लिए अलग-अलग एजेंसी काम करती है।

### होली की शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने होली एवं धुलंडी पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रंगों का यह पर्व प्रत्येक इंसान के जीवन में खुशहाली का प्रतीक है। होली हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के परिचायक हैं। होली का यह पर्व हमें आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव की भावना को बढ़ाने की सीख देता है।

### विलुप्त नदियों को संरक्षित करने की दिशा में हो रहे प्रभावी कार्य : रावत

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश में विलुप्त नदियों को संरक्षित करने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। करौली जिले की भद्रावती नदी का पुनरुद्धार किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा कार्य करवाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा रूपारेल, साबी एवं जोजरी नदी को पुनर्जीवित किये जाने हेतु डी.पी.आर. का कार्य बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी की जा चुकी है।